# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

::कार्यालय आदेश::

श्री महेन्द्र सिंह कविराज, एपीओ उप प्राचार्य, कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, जैतारण जिला पाली को विभागीय आदेश दिनांक 10.12.2022 द्वारा राउमावि मण्डार जिला सिरोही में पदस्थापित किया गया था। उक्त आदेश के विरूद्ध श्री महेन्द्र सिंह कविराज द्वारा माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, चलपीठ जोधपुर के समक्ष अपील संख्या 145/2023 महेन्द्र सिंह कविराज बनाम राजस्थान राज्य व अन्य दायर की गई हैं। अपील में माननीय अधिकरण द्वारा पारित अन्तरिम आदेश दिनांक 24.02.2023 द्वारा विभागीय आलोच्य पदस्थापन आदेश दिनांक 10.12.2022 का क्रियान्वयन अपीलार्थी के पदस्थापन के सम्बन्ध में माननीय अधिकरण के आगामी आदेश तक स्थगित करते हुए विभाग को नियमानुसार अपीलार्थी को जिले के भीतर नये सिरे से पदस्थापित किये जाने की स्वतंत्रता प्रदान की गई है।

अतः माननीय अधिकरण द्वारा प्रदत्त स्वतंत्रता के अनुसरण में अपीलार्थी श्री महेन्द्र सिंह कविराज, एपीओ, कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, जैतारण जिला पाली को प्रशासनिक अत्यावश्यकता एवं राज्य हित में राउमावि सेवरिया जैतारण (214053) जिला पाली में उप प्राचार्य के पद पर पदस्थापित किया जाकर निर्देशित किया जाता है कि वे तत्काल नवीन पदस्थापन स्थान पर कार्यग्रहण कर पालना से अवगत करावें।

(काना राम)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राज.
बीकानेर

Rajasthan Education Department

**क्रमांकः शिविरा–मा./संस्था/बी–2/अपील/महेन्द्र सिंह कविराज/145/2023 दिनांकः** 05.AUG.2023

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा मंत्री, प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री, प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
4. संबधित संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
5. संबधित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी।
6. संबधित जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) माध्यमिक।
7. सम्बन्धित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी।
8. जिला शिक्षा अधिकारी (विधि) माध्यमिक, जोधपुर।
9. सहायक निदेशक, विधि अनुभाग कार्यालय हाजा।
10. सहायक निदेशक, शाला दर्पण अनुभाग, कार्यालय हाजा को निर्देशित किया जाता है कि उक्त कार्मिक की शाला दर्पण पोर्टल पर कार्यमुक्ति/कार्यग्रहण की कार्यवाही को अद्यतन करें।
11. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड हेतु।
12. सम्बन्धित प्रधानाचार्य को निर्देशित किया जाता है कि श्री महेन्द्र सिंह कविराज, उप प्राचार्य की कार्यमुक्ति/कार्यग्रहण की कार्यवाही को शाला दर्पण पोर्टल पर अद्यतन करें।
13. निजी/रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक (कार्मिक)

Signature valid
Digitally signed by Kana Ram
Designation : Director
Date: 2023.08.05 1?:49:00 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4461729